Title: Need to provide better postal services in Erandol parliamentary constituency, Maharashtra.

श्री अन्नासाहेब एम.के. पाटील (इरन्दोल): सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र एरंडोल में ३००० की जनसंख्या से ज्यादा जनसंख्या के कई गांव हैं। इन गांवों में पोस्ट आफिस खोलने के बारे में जो शर्तें हैं, वे सब पूरी होने पर भी वहां पोस्ट आफिस नहीं खोले जा रहे हैं। आबादी की शर्तें भी पूर्ण होती हैं। मेरे क्षेत्र का इस बारे में संशोधन भी हो चुका है। इस बारे में बार-बार यादें ही दिलाई गई हैं, लेकिन अब तक कोई उचित कदम उठाये न जाने से बहुत से गांवों को इस दिक्कत का सामना करना पड़ता है, इससे लोगों में गैरसमझ फैल रही है।

पोस्ट आफिस में कई जगह स्टाफ की कमी है, उदाहरणार्थ मड़गांव, पाचोरा, इन जगहों पर पोस्टमैन बहुत ही कम हैं। दूसरा स्टाफ भी बहुत कम होने से लोगों को कठिनाई आती है। वहां कई सुविधाएं भी बहुत ही कम हैं।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस सब मामले की जांच कराकर सुविधाएं प्राप्त कराने का कष्ट करें।